उत्तर प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना / विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025

अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा (डीवी / पीएसटी) हेतु उपयुक्त अभ्यर्थियों की सूची

संख्याः–पीआरपीबी–बी(होमगार्ड संवर्ग)–02 / 2025 दिनांक– जून 28 ,2026

उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025 के अन्तर्गत 41,424 पदों को भरे जाने हेतु समांक विज्ञप्ति दिनांकित 18–11–2025 की चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत दिनांक 25, 26 तथा 27 अप्रैल, 2026 को सम्पन्न हुई लिखित परीक्षा के प्रसामान्यीकृत अंकों में अधिमानी अर्हता के अंकों को जोड़ते हुये अर्ह अभ्यर्थियों में से अंको की श्रेष्ठता एवं उ0प्र0 राज्य के आरक्षण नीति के सुसंगत प्रावधानों के आधार पर जनपदवार / श्रेणीवार विज्ञापित कुल 41,424 पदों के सापेक्ष कुल 1,07,221 (लगभग 2.6 गुना) अभ्यर्थियों को अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु आहूत किया गया है।

2– डीवी / पीएसटी हेतु उपयुक्त अभ्यर्थियों की सूची लिखित परीक्षा के प्रसामान्यीकृत अंकों में अधिमानी अर्हता के अंकों को जोड़ने के उपरान्त बनायी गयी है।

3– प्रदेश के प्रत्येक जनपद हेतु विज्ञापित रिक्त पदों के सापेक्ष शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों के कट ऑफ अंक का विवरण प्रत्येक जनपद की PDF सूची के अन्त में दिया गया है।

4– चयन के अगले प्रक्रम (डीवी / पीएसटी) की तिथि शीघ्र ही बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर प्रकाशित की जायेगी।

5– यद्यपि इस सूचना को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किरी को, किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा। ऐसे किसी प्रकरण के संज्ञान में आने पर बोर्ड का निर्णय अन्तिम होगा।

6– यह सूचना अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे नवीनतम अपडेट व अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचना / निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त की जायेगी।

(सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज)
अपर सचिव (भर्ती) / परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।